**कक्षा XII**

**गृह विज्ञान सैद्धांतिक (064)**

**अभ्यास प्रश्नपत्र-2 (2020-2021)**

**अवधि: 3 घण्टे** **पूर्णांक:70**

**सामान्य निर्देश:**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. कुल 36 प्रश्न हैं।**

**3. प्रश्न पत्र को तीन खंडों- क, ख और ग में बाँटा गया है।**

**4. खंड क में प्रश्न संख्या 1 से 14 (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) हैं और प्रत्येक 1 अंक का है।**

**5. खंड ख में प्रश्न संख्या 15 से 21 (केस स्टडी आधारित बहु-विकल्पीय प्रश्न) हैं और प्रत्येक 1 अंक का है।**

**6. खंड ग में प्रश्न संख्या 22 से 27 प्रत्येक 2 अंक के, प्रश्न संख्या 28 और 29 प्रत्येक 3 अंक के, प्रश्न संख्या 30 से 33 प्रत्येक 4 अंक के और प्रश्न संख्या 34 से 36 प्रत्येक 5 अंक के हैं।**



**7. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**

**8. जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन करें।**

| | **खंड क- (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **बहु-विकल्पीय प्रश्न** | **अंक** |
| **1** | **प्राकृतिक, फ़ैशनेबल और ज्यामितीय किस डिजाइन के तत्त्व का हिस्सा हैं?**<br>**क. रेखा**<br>**ख. रंग**<br>**ग. आकार**<br>**घ. बुनावट**<br>**अथवा**<br>**कौन सा कारक है जो वस्त्र सामग्रियों में बुनावट का निर्धारण नहीं करता है?**<br>**क. रेशे का प्रकार**<br>**ख. धागे का संसाधन और धागे का प्रकार**<br>**ग. वस्त्र निर्माण तकनीक**<br>**घ. कपड़े के स्तर पर रंगाई** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **2** | **________________ विकास संचार का साधन है।**<br>**क. आई.सी.टी.(ICT)**<br>**ख. प्रिंट मीडिया**<br>**ग. समाज**<br>**घ. क और ख दोनों** | **1** |
| **3** | **अरक्तता____________ की कमी से होने वाला रोग है।**<br>**क. लोहा**<br>**ख. विटामिन ए**<br>**ग. आयोडीन**<br>**घ. कैल्शियम** | **1** |
| **4** | **रश्मि की एक मोटल में दूसरी मंजिल की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी है। वह वहाँ _____________________ के रूप में कार्य करती है ।**<br>**क. तल पर्यवेक्षक**<br>**ख. कमरा परिचर**<br>**ग. मददगार**<br>**घ. आतंरिक सज्जाकर**<br>**अथवा**<br>**सुमित टेबल को साफ करता है और एक होटल में स्वच्छता और स्वच्छता के मानक को देखता है । वह__________ विभाग में कार्यरत हैं।**<br>**क. प्रमुख कार्यालय**<br>**ख. गृह व्यवस्था**<br>**ग. खाद्य तथा पेय पदार्थ**<br>**घ. सहायक सेवा** | **1** |
| **5** | **SMOI का पूर्ण रूप:**<br>**क. सिल्क मैनेजमेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया**<br>**ख. सिल्क मार्क ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया**<br>**ग. भारत में सिल्क मार्क ओरिएंटेशन**<br>**घ. भारत में सिल्क मैन्युफैक्चरिंग ओरिएंटेशन** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | **निम्नलिखित का मिलान करे:**<br>**A. न्यूनतम संसाधित खाद्य i) कटे फल और सब्जियाँ**<br>**B. अत्यधिक जोखिम वाले खाद्य ii) हाइड्रोजनीकरण**<br>**C. कार्यमूलक खाद्य iii) मांस और अंडे**<br>**D. खाद्य व्युत्पन्न iv) प्रोबायोटिक और लाइकोपीन**<br>**क. A iii, B iv , C iv, D i**<br>**ख. A ii, B iv, C iv, D i**<br>**ग. A i, B iii, C ii, D iv**<br>**घ. A i, B iii, C iv, D ii** | **1** |
| 7 | **ऊपर से निचली स्थिति में निम्नलिखित की व्यवस्था करें:**<br>**1. सहायक गृह-अनुरक्षक**<br>**2. गृह-अनुचर**<br>**3. सार्वजनिक क्षेत्र पर्यवेक्षक**<br>**4. प्रधान गृह-अनुचर**<br>**क. 1, 3, 4, 2**<br>**ख. 1, 3, 2, 4**<br>**ग. 3, 1, 2, 4**<br>**घ. 3, 1, 4, 2** | **1** |
| 8 | **____________एच.आई.वी. / एड्स के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रव्यापी संचार अभियान था।**<br>**क) स्वरोजगार महिला संघ**<br>**ख) परियोजना ग्राम छतेरा**<br>**ग) रेड रिबन एक्सप्रेस**<br>**घ) जागो ग्राहक जागो** | **1** |
| | **रिक्त स्थान की पूर्ति करें:** | |
| 9 | **_______________________ द्वारा अच्छे पालन-पोषण और देख-भाल से, सक्षम और जिम्मेदार भावी नागरिकों के निर्माण की संभावना है। (यूनेस्को)** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>__________ एक संस्थागत व्यवस्था को दिया गया नाम है जिसे विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों की घर में देखभाल करनेवालों की अनुपस्थिति में देखभाल के लिए बनाया गया है। | |
| 10 | जिन बच्चों की आयु 18 वर्ष से कम है और कानून के उल्लंघन के मामले में दोषी पाए जाते हैं, उन्हें --------—----------घरों में रखा जाता है। | 1 |
| 11 | <br>उपरोक्त चित्र रंग के किस आयाम पर आधारित है?<br>**अथवा**<br><br>रंग योजना का नाम बताइये। | 1 |
| 12 | FSSAI मानकीकरण चिह्न बनायें। | 1 |
| 13 | वस्त्रों में सामंजस्यता लाने के दो तरीकों का उल्लेख करें। | 1 |
| 14 | श्रीमान संदीप अधिक नमक और सोडियम की मात्रा वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। वे जीवन शैली के किस रोग से पीड़ित होने के उच्च जोखिम में हैं?<br>**अथवा**<br>समीर एक आहार विशेषज्ञ है, उसके लिए किसी भी दो रोजगार के अवसरों के नाम बताइये। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ख (केस स्टडी आधारित प्रश्न)** | |
| | **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ता के हित में एक ऐतिहासिक कानून है । इस अधिनियम का मुख्य कार्य उपभोक्ताओं को बाजार में प्रचलित धोखाधड़ी वाले व्यापार प्रथाओं से बचाना और उनकी शिकायतों के लिए उनका निवारण प्रदान करना है । उपभोक्ताओं को उत्पाद की गुणवत्ता/शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए मानकीकरण चिह्न के साथ उत्पादों की खरीद करनी चाहिए । उपभोक्ता के लिए विभिन्न मानक चिह्नों और उनके तहत आने वाले उत्पादों के बारे में जानना महत्त्वपूर्ण है। गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए मानकीकरण एक प्रमुख अपेक्षित है।** | |
| **15** | **सी.पी.ए 1986 को किस वर्ष में प्रतिस्थापित किया गया है?**<br>**क. 2009**<br>**ख. 1998**<br>**ग. 2016**<br>**घ. 2019** | **1** |
| **16** | **_________उपभोक्ता के स्वास्थ्य / जीवन को होने वाले हानिकारक प्रभाव से सुरक्षित किए जाने का अधिकार है।**<br>**क. चयन का अधिकार**<br>**ख. शिकायत-निवारण प्राप्त करने का अधिकार**<br>**ग. सुरक्षा का अधिकार**<br>**घ. सुने जाने का अधिकार** | **1** |
| **17** | **मानकीकरण चिह्न नीचे दिये गये विकल्पों में से किनमें पाये जाते है ?**<br>**क. लेबल      ख. पत्रक**<br>**ग. विज्ञापन      घ. पर्चे** | **1** |
| **18** | **निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है?**<br>**क. सोने और चाँदी के आभूषणों पर हॉलमार्क होता हैं**<br>**ख. मानव निर्मित सभी परिधानों पर इकोमार्क होता हैं**<br>**ग. एफ.एस.एस.ए.आई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पाद के मानक बनाते हैं**<br>**घ. सिल्कमार्क लेबल में एक होलोग्राम और एक अद्‌वितीय संख्या होती है** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | फैशन आज एक बड़ा व्यापार है जो डिजाइन, विनिर्माण, वितरण, विपणन, खुदरा बिक्री, विज्ञापन, संचार, प्रकाशन और परामर्श में लाखों लोगों को रोजगार देता है। फैशन डिज़ाइन को समझने के लिए, हमे फैशन की प्रकृति को समझने की जरूरत है और यह कैसे काम करता है। फैशन की बुनियादी बातों, फैशन और इसे प्रभावित करने वाले कारकों के बीच संबंधों और अवधारणाओं को भी समझना आवश्यक हैं। | |
| 19 | 18 वीं शताब्दी की शुरुआत में फ्रांस में पुरुष डिज़ाइनर को किस नाम से जाना जाता था?<br>क. कुटुरियरे<br>ख. कुटुरियर<br>ग. दर्जी<br>घ. ड्रेसर | 1 |
| 20 | __________औद्योगिक क्रांति का परिणाम हैं।<br>क. सिलाई मशीन<br>ख. बिजली के करघे<br>ग. अलग फैशन<br>घ. मेले और बाज़ार<br><br>अथवा<br>_________वर्ष में इसाक सिंगर ने पैरों से चलने वाली ट्रेडल सिलाई मशीन विकसित की।<br>क. 1859<br>ख. 1860<br>ग. 1959<br>घ. 1960 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 21 | ________________ फैशन खुदरा संगठनों के प्रकार हैं।<br>क. विभाग स्टोर<br>ख. किराने की दुकान<br>ग. डिस्काउंट स्टोर<br>घ. एक्सपोर्ट हाउस<br>अथवा<br>दृश्य व्यापार के लिए कौन सा विभाग जिम्मेदार है?<br>क. व्यापार विभाग<br>ख. बिक्री और संवर्धन<br>ग. परिचालन प्रभाग<br>घ. कार्मिक और शाखा स्टोर | 1 |
| | खण्ड ग | |
| 22 | आप चिकित्सीय/संशोधित आहार द्वारा क्या समझते हैं? दो तरीके बताइये जिनके द्वारा आहार को संशोधित किया जा सकता है।<br>अथवा<br>रोग की स्थिति में पोषण कैसे महत्त्वपूर्ण है? | 2 |
| 23 | वी.ए.डी. क्या होता है और इसके कोई दो संकेत लक्षणों को समझाएँ। | 2 |
| 24 | खाद्य प्रसस्ंकरण और प्रौद्योगिकी में रोज़गार के चार अवसरों का उल्लेख करें।<br>अथवा<br>खाद्य पदार्थों के खराब या नष्ट होने के चार कारक बताईये। | 2 |
| 25 | चार तरीकों को सूचीबद्ध करें जिनसे बाज़ार को विभाजित किया जा सकता है। | 2 |
| 26 | आतिथ्य उद्योग में काम करने के लिए चार आवश्यक दक्षताओं को सूचीबद्ध करें। | 2 |
| 27 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) से आप क्या समझते हैं? इस क्षेत्र में काम करने के लिए कोई दो आवश्यक कौशल बताएँ। | 2 |
| 28 | खाद्य पदार्थों की शेल्फ़ काल के आधार पर उनके प्रकारों को वर्गीकृत करें और समझाएँ। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | **रेडियो को विकास संचार के माध्यम के रूप में समझाएँ । सामुदायिक रेडियो क्या होता है?**<br>**अथवा**<br>**रीमा रेडियो प्रोडक्शन में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं। सूचीबद्ध करें कौन से तीन बुनियादी रेडियो उत्पादन कौशल उसके लिए आवश्यक हैं?** | **3** |
| 30 | **कई दशकों से खाद्य प्रौद्योगिकी में शोध कार्य किए गए हैं । इस संदर्भ में खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी में हुए मुख्य चार विकासों की व्याख्या करें।**<br>**अथवा**<br>**एक संभावित खाद्य प्रौद्योगिकीविद् के रूप में क्या ज्ञान और कौशल खाद्य उद्योग में आप के लिए आवश्यक हैं? किन्हीं आठ का उल्लेख करें।** | **4** |
| 31 | **आप एक नर्सरी स्कूल के प्रिंसिपल हैं, निम्नलिखित के संदर्भ में अपने सहायक शिक्षक को संक्षिप्त में क्या बतायेंगे-**<br>**क. सीखने के लक्ष्यों को विद्यालय पूर्व बच्चों द्वारा प्राप्त करने की जरूरत।**<br>**ख. शिक्षक/ देखभालकर्ता की भूमिका।** | **4** |
| 32 | **संवेदनशील बच्चों के लिए दो कार्यक्रमों का वर्णन करें।** | **4** |
| 33 | **वाशिंग मशीन में किस सिद्धांत का उपयोग किया जाता है? इन मशीनों में प्रयोग होने वाले धुलाई के तीन प्रमुख तरीकों की तुलना करें।** | **4** |
| 34 | **कच्चा सलाद खाने के बाद सुमित दस्त, बुखार और पेट में ऐंठन से पीड़ित है। पहचानें कि वह किस प्रकार के संक्रमण से पीड़ित है? इस बीमारी के फैलने के दो तरीके क्या हैं? खाद्य मिलावट और खाद्य संदूषण के बीच अंतर बताइए?**<br>**अथवा**<br>**आप एच .ए .सी .सी .पी (HACCP) द्वारा क्या समझते हैं? इसे लागू क्यों किया जाना चाहिए?** | **5** |
| 35 | **फैशन व्यापारी कौन होता है, फैशन उद्योग में उसकी क्या भूमिका है?** | **5** |
| 36 | **सुकार्यिकी (एर्गोनॉमिक्स) द्वारा आप क्या समझते हैं? इसके चार लाभों की व्याख्या करे, सुकार्यिकी (एर्गोनॉमिक्स) के चार स्तंभ क्या हैं?** | **5** |